मेट्रो 3 का किराया हो सकता है किफायती

मुंबई. मेट्रो 3 का किराया कम हो सकता है, क्योंकि मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने स्टेशन और ट्रेन में विज्ञापन लगाने के लिए टाइम्स ओओएच को विशेष विज्ञापन अधिकारों का लाइसेंस दे दिया है. लाइसेंस 27 स्टेशनों, 31 ट्रेनों और ऐंन्सिलरी बिल्डिंगों में 20,000 वर्ग मीटर को कवर करता है. इस स्थान में स्टेशन के नामकरण अधिकार सहित विज्ञापन अधिकार शामिल हैं. कुल 6 कंपनियों ने टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया था. इस बारे में एमएमआरसी की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने कहा, गैर-किराया राजस्व को अधिकतम करके हम जनता के लिए यात्री किराए को किफायती बना सकते हैं.